पंजीकृत

पशुपालन निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या 985 /स्था०एक/वे०फा०(चयन)/2023–24 **दिनांक 30, मई, 2023**

श्री ममराज सिंह असवाल,
स्व०श्री चिरंजी लाल असवाल,
ग्राम व पो० बगासू, तहसील बडकोट,
जिला उत्तरकाशी पिन–249171

विषय : मूल प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु अनुपस्थिति के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषय के क्रम में आपको अवगत करना है कि इस कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या 633/स्था०एक/वे०फा०(चयन)/2023–24 दिनांक 09 मई, 2023 के द्वारा वेटरिनरी फार्मासिस्ट के पदों पर चयन हेतु जारी चयन प्रक्रिया के क्रम में दिनांक 20.05.2023 को अन्यों के साथ–साथ आपको भी वर्षवार मैरिट के आधार पर प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु बुलाया गया था। किन्तु उपरोक्त तिथि को आप अपने मूल प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु चयन समिति के सम्मुख उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः उपरोक्त के क्रम में आपको अंतिम बार सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 05.06.2023 को सांय 04 बजे तक अपने मूल प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु पशुपालन निदेशालय, उत्तराखण्ड मोथरोवाला, देहरादून में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, यदि उक्त तिथि को आप अपने मूल प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा तदोपरान्त आपके अभ्यर्थन पर विचार नहीं किया जायेगा।

(डा०प्रेम कुमार)
निदेशक।